तित्थयर

जैन भवन

वर्ष : २४ अंक : २
मई २०००

Received 5.6.2000
४७२६

ज्ञानी होने का सार यह है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे।

Sethia Oil Industries Ltd.

Manufacturers of De-oiled Rice Bran, Mustard Deoiled Cakes, Neem deoiled Powder, Ground-nut De-oiled Cakes, Mahua deoiled cakes etc. And Solvent Extracted Rice Bran Oil, Neem Oil, Mustard Oil etc.

Plant
Post Box No. 5
Lucknow Road
Sitapur - 261001 (U.P.)
Ph: 42017/42397/42073
(05862)
Gram - Sethia - Sitapur
Fax : 42790 (05862)

Registered Office
143, Cotton Street
Cal-700 007
Ph: 2384329/
8471/5738
Gram - Sethia Meal

Executive Office
2, India Exchange Place
Calcutta - 700 001
Ph: 2201001/9146/5055
Telex : 217149 SOIN IN
FAX : 2200248 (033)

तित्थयर

श्रमण संस्कृति मूलक मासिक पत्रिका

वर्ष - २४ अंक - २, मई २०००

॥ जैन भवन ॥

संपादन

लता बोथरा

लेख, पुस्तक समीक्षा तथा पत्रिका से सम्बन्धित पत्र व्यवहार के लिये
पता - Editor : **Tithayar,** P-25, Kalakar Street, Calcutta-700 007

विज्ञापन तथा सदस्यता के लिये कृपया सम्पर्क करें –
Secretary, Jain Bhawan, P-25, Kalakar Street, Calcutta-700 007
Subscription for one year : Rs. 55.00, US$ 20.00,
for three year : Rs. 160.00, US $ 60.00,
Life Membership : India : Rs. 1000.00, Foreign : US$ 160.00

Published by Lata Bothra on behalf of Jain Bhawan from
P-25, Kalakar Street, Calcutta-700 007 Phone: 238 2655 and Printed by her
at Arunima Printing Works, 81, Simla Street
Calcutta-700 006 Phone: 241 1006

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	लेख		लेखक	पृ. सं
१.	श्रमण भगवान वर्द्धमान महावीर	-	श्रीमती लता बोथरा	५१
२.	प्राकृत कथा साहित्य	-	प्रो० माधव श्रीधर रणदिवे सतारा	६०
३.	रूद्रपल्लीय गच्छ के इतिहास पर संक्षिप्त प्रकाश	-	डॉ० शिवप्रसाद सिंह	६६
४.	मलयासुन्दरी			७४

आवरण चित्र–**श्री अष्टापद (कैलाश)**

Composed by :

Anupriya Printers, 6A, Baroda Thakur Lane, Calcutta-700 007, Ph. 232 6083

श्रमण भगवान महावीर

पूर्वानुवृत्ति

भगवान महावीर का जीवन चरित्र एवं उनके पूर्व भवों का वर्णन स्वयं में एक महत्वपूर्ण दर्शन के साथ एक ऐसी अनुभूति है जिसमें उतर कर मनुष्य अपने जीवन की पराकाष्ठा को प्राप्त कर सकता है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते है कि एक पूरा का पूरा दर्शन महावीर के चरित्र में समाया हुआ है। यह एक आत्मा के परमात्मा बनने का दर्शन है। भगवान महावीर के कहीं ३३ और कहीं २७ भवों का वर्णन हैं। दिगम्बर परम्परा में प्रथम भव पुरुरवा भील का मिलता है। जबकि श्वेताम्बर परम्परा में नयसार का हैं। मरिचि के भव का वर्णन हमें दोनों परम्पराओं में प्राप्त होता है। मरिचि के जीव का विश्व भूति के रूप में जन्म दोनों परम्पराओं में मान्य हैं।

विश्वभूति :- राजगृह में विश्वनन्दी नाम का राजा था। उसकी रानी का नाम प्रियंगु था जिससे उनके एक लड़का था जिसका नाम विशाखनन्दी था। राजा के छोटे - भाई विशाखभूति के विश्वभूति नाम का पुत्र था। एक बार राजभवन के उद्यान में विश्वभूति अपने अन्तपुर के साथ सुख विहार कर रहा था कि उसी समय राजा के पुत्र विशाख नन्दी ने वहां प्रवेश करना चाहा तो प्रहरियों ने रोक दिया, क्यों कि राजकुल की मर्यादा के अनुसार जब तक प्रथम प्रविष्ट व्यक्ति बाहर नहीं आ जाये दूसरा बाग में प्रवेश नही कर सकता। यह देख रानी प्रियंगु की दासियों ने रानी को यह खबर दी जिसको सुन रानी की ईर्ष्याग्नि भड़क गयी और उसने राजा से कहा! राजा ने और कोई उपाय न देख कर एक योजना बनायी और युद्ध यात्रा उद्घोषित की। यह बात सुनते ही विश्वभूति उद्यान से बाहर आया और राजा को रोक कर स्वयं युद्ध यात्रा के लिये चल दिया। लेकिन जब युद्ध क्षेत्र में पहुँचा तो वहाँ ना कोई उपद्रव दिखा

और ना ही कोई युद्ध की हलचल अतः वह वापिस लौट आया। इधर विश्वभूति के उद्यान से निकलते ही विशाखनन्दी ने वहां अपना डेरा जमा दिया। विश्वभूति लौटने के बाद उद्यान में जाने लगे तो द्वारपालों ने उसे रोक कर कहा, कि कुमार विश्वनन्दी अपने अन्तपुर के साथ उद्यान में है। अब विश्वभूति को ज्ञात हुआ कि उनके साथ धोखा किया गया हैं। युद्ध की घोषणा वास्तव में उन्हें उद्यान से बाहर निकालने का षड्यन्त्र था। क्रोधित होकर उन्होंने द्वार पर स्थित एक कैथ के वृक्ष पर जोर से मुष्ठि प्रहार किया और कहा कि मैं इसी प्रकार तुम सबके सिर गिरा देता यदि मेरे मन में राजा के प्रति आदर नहीं होता। इस अपमान से चोट पाये विश्वभूति विरक्त हो घर से निकल गये और आर्य संभूत स्थविर के पास जाकर दीक्षा ले साधु बन गये। और विविध तप करते हुये देश विदेशों में विहार करने लगे। कालान्तर में विश्वभूति मथुरा गये। मासक्षपण की तपस्या की समाप्ति पर गोचरी के लिये नगर में निकले। उन्हीं दिनों कुमार विशाखनन्दी भी शादी करने मथुरा आया हुआ था। विश्वभूति को देख विशाखनन्दी के अनुचरों ने जब उसे बताया कि ये विश्वभूति हैं यह जानते ही विशाखनन्दी अत्यन्त क्रोधित हो गया। इसी समय एक नव प्रसूता गाय ने विश्वभूति को श्रृंग - प्रहार से गिरा दिया यह देख विशाखनन्दी हँसने लगा और बोला - कहाँ गया तेरा वह कैथ गिराने वाला बल। मुनि ने यह सुन कर गाय के श्रृंगों को पकड़ कर चक्र की तरह घुमा दिया, तथा मन में कहा कि इस तप संयम मुनि जीवन के फलस्वरूप मैं भविष्य में अपरिमित बलशाली बन इसको मार सकूँ।

इस प्रकार विश्वभूति ने अपने क्रोध का कभी पश्चाताप या प्रायश्चित नहीं किया। दिगम्बर परम्पराओं में भी इस भव के वर्णन कुछ थोड़े - बहुत परिवर्तन के साथ हमें मिलते है। इन वर्णनों से यह तो स्पष्ट होता ही है कि आत्मा कर्मों के बन्धन के कारण कभी तो स्वर्ग के सुखों को और कभी सातवे नरक के दुःखों को भोगती है। श्वेताम्बर परम्परा में नयसार के भव व दिगम्बर परम्परा में सिंह रूप में वह मुनि द्वारा संबोधन पाकर उसमें सम्यकत्व के भाव जगते है। और वही जीव अन्त में चरम तीर्थंकर महावीर के रूप में मुक्ति की अवस्था को प्राप्त करता है।

महाशुक्र देवलोक से निकल कर मरिचि का जीव पोतनपुर में त्रिपृष्ठ नामक वासुदेव हुआ। पोतनपुर के राजा प्रजापति, प्रतिवासुदेव अश्वग्रीव के माण्डलिक थे। उनके दो पुत्र थे, एक अचल और दूसरा त्रिपृष्ठ।

एक समय पोतनपुर की राजसभा में नाच - गान हो रहा था। राजा, दोनों राजकुमार और सभासदगण उसमें मस्त हो रहे थे। ठीक उसी समय अश्वग्रीव का दूत कार्यवश राजसभा में आया। राजा ने संयमपूर्वक दूत का स्वागत किया और जलसा बंद करवा कर उसका संदेश सुनने लगे।

रंग में भंग करनेवाले दूत पर कुमार बहुत बिगड़े। उन्होंने अपने आदमियों से कहा - जब यहाँ से दूत रवाना हो, हमें सूचित करना। सत्कारपूर्वक राजा से बिदा लेकर दूत रवाना हुआ। दोनों कुमारों को इसकी सूचना मिली और उन्होंने पीछे से जाकर दूत को पीटा। दूत के साथी उसे छोड़कर भाग गये।

प्रजापति को जब इस घटना का समाचार मिला तो उन्हें बड़ा रंज हुआ। दूत को वापस बुलवा कर दुगुना तिगुना पारितोषक दिया और कहा - "राजा से इस बात की शिकायत न करियेगा।" दूत मान गया, पर उसके साथी उसके पहले ही राजा के पास पहुँच कर और यह सारा वृतान्त निवेदन कर चुके थे।

दूत के अपमान की बात सुन कर अश्वग्रीव बहुत नाराज हुए और अपने दूत को तिरस्कृत करनेवाले दोनों राजपुत्रों को जान से मरवा डालने का उसने निश्चय कर लिया।

अश्वग्रीव को किसी भविष्यवेत्ता ने कह रक्खा था कि जो मनुष्य तुम्हारे चण्डमेघ दूत को पीटेगा और महाबलिष्ठ सिंह को मारेगा वही तुम्हारी मुत्यु का कारण होगा।

अश्वग्रीव ने दूसरा दूत भेज कर प्रजापति को कहलाया - तुम अमुक जगह जाकर हमारे शालिक्षेत्रों की रक्षा करों।

अपने पुत्रों को डांटते हुए प्रजापति ने कहा - यह तुमने अकाल-मृत्यु को जगाया हैं, क्योंकि हमारी बारी न होने पर भी हमें यह आज्ञा

मिली। अपने स्वामी की आज्ञा शिरोधार्य करके राजा सेना के साथ प्रयाण करने लगे तब राजकुमारों ने कहा - आप यहीं रहिये। इस काम के लिये तो हमीं जायेंगे। राजा के रोकने पर भी कुमार चले गये और मौके पर पहुँच कर कृषकों से पूछा - अन्य राजा लोग आकर यहाँ किस रीति से रक्षण करते हैं? लोगों ने कहा - जब तक खेतों में धान्य रहता है वे चतुरंगिनी सेना का घेरा डाल कर यहाँ रहते हैं और सिंह से लोगों की रक्षा करते हैं। त्रिपृष्ठ बोला - इतने समय तक कौन ठहरेगा? मुझे वह स्थान बता दो जहाँ सिंह रहता है। लोगों ने त्रिपृष्ठ को सिंहवाली गुफा दिखायी। कुमार रथमें बैठ कर गुफा के द्वार पर पहुँचा। लोगों ने दोनों तरफ से शोर किया जिससे चौंक कर सिंह गुफा के द्वार पर आया। कुमार ने सोचा यह तो पैदल है और मैं रथिक! यह विषम युद्ध है। ढाल तलवार के साथ वह रथ से उतर गया और फिर सोचने लगा - यह दंष्ट्रा - नखायुध है और मैं ढाल - तलवारधारी! यह भी ठीक नहीं। उसने ढाल तलवार भी छोड़ दिये। यह देखकर सिंह के क्रोध का पार न रहा। वह मुँह फाड़ कर कुमार पर झपटा। त्रिपृष्ठ ने पहले ही झपाटे में उसे दोनों जबड़ों से पकड़ा और जीर्ण वस्त्र की तरह फाड़ कर फेंक दिया। यह देख कर जनता ने जोरों का हर्षनाद किया।

लोगों ने सब हकीकत अश्वग्रीव के पास पहुँचा दी। वह बहुत रुष्ठ हुआ और दूत भेज कर प्रजापति को कहलाया कि अब तुम वृद्ध हो गये हो अतः सेवा में कुमारों को भेज दो। तुम्हें आने की जरूरत नहीं।

प्रजापति ने कहा - मैं खुद सेवा में आने के लिए तैयार हूँ।

अश्वग्रीव ने अतिकुद्ध होकर कहलाया - कुमारों को न भेजकर तूने हमारी आज्ञा का अनादर किया है अतः युद्ध के लिये तैयार हो जा।

कुमारों ने इस समय भी दूत को अपमानित कर निकाल दिया। अश्वग्रीव ने सम्पूर्ण सैन्य के साथ पोतनपुर पर चढ़ाई कर दी। त्रिपृष्ठ आदि भी अपनी सेना के साथ देश की सीमा पर जा डटे। दोनों सेनाओं में घमासान युद्ध हुआ और पहले ही दिन युद्धभूमि रक्तरंजित हो गई। निरापराध जीवों का यह संहार त्रिपृष्ठ को अच्छा न लगा। उसने अश्वग्रीव के पास दूत भेज कर कहलाया - कल से मैं और तुम दो ही

युद्ध में प्रवृत्त हों तो बहुत अच्छा। निरापराध जीवों को मरवाने से क्या लाभ है?

अश्वग्रीव ने त्रिपृष्ठ का प्रस्ताव मंजूर किया और रथों में बैठ कर अपने - अपने मोरचों से निकल कर दोनों परस्पर भिड़ गये। घंटों लड़े और खूब लड़े फिर भी मैदान दोनों का रहा। अश्वग्रीव ने देखा कि सब शस्त्र खत्म हो गये हैं फिर भी शत्रु मैदान में डटा हुआ है तो उसने अपने चक्रनामक अमोघास्त्र को सँभाला और उठा कर त्रिपृष्ठ पर जोरों से फेंका। अश्वग्रीव को विश्वास था कि इसके एक ही प्रहार से उसका काम पूरा हो जायगा। पर परिणाम विपरीत निकला। चक्र धार की तरफ से न लग कर तुम्बे की तरफ से त्रिपृष्ठ के वक्षस्थल पर गिरा। त्रिपृष्ठ ने उसे पकड़ लिया और उसी से अपने शत्रु का सिर उड़ा दिया। तत्काल आकाशवाणी हुई - त्रिपृष्ठ नामक प्रथम वासुदेव प्रकट हो गया।

सब राजाओं ने त्रिपृष्ठ की आधीनता स्वीकार की और आधे भारत वर्ष को अपने अधीन करके उसने वासुदेव का पद धारण किया।

चौरासी लाख वर्ष का आयुष्य पूरा करके त्रिपृष्ठ सातवीं नरकभूमि में तेंतीस सागरोपम की आयुष्य - स्थितिवाला नारकीय जीव हुआ।

भगवान महावीर का जीव तेईसवें भव में पश्चिम विदेह की राजधानी मूका नगरी में प्रियमित्र नामक चक्रवर्ती राजा हुआ। उसने संसार से विरक्त होकर प्रोष्ठिलाचार्य के पास प्रव्रज्या ली और चौरासी लाख वर्ष पूर्व का आयुष्य भोग कर चौबीसवें भव में वह महाशुक्रकल्प के सर्वार्थ नामक विमान में देव हुए।

उस काल में देवलोक की २० सागरोपन आयुष्य पूर्ण कर महाविजय पुष्पोत्त नामक महान विमान से श्रमण भगवान महावीर च्युत होकर कुंडपुर के राजा सिद्धार्थ की रानी क्षत्रियाणी त्रिशला की कुक्षि में आये। श्वेताम्बर परम्परानुसार पहले ब्राह्मणी देवनन्दा की कुक्षि में प्रविष्ट हुये तत्पश्चात् इन्द्र की आज्ञा से देव हरिणेगमेसी ने उन्हें क्षत्रियाणी त्रिशला के गर्भ में स्थापित किया और जो गर्भ त्रिशला के गर्भ में स्थित था। उसे देवनन्दी के गर्भ में स्थापित कर दिया। इस गर्भ परिवर्तन की घटना की मान्यता उस समय प्रचलित थी इसकी पुष्टि

मथुरा के कंकाली टीले से प्राप्त एक शिला खंड पर चित्रित गर्भ परिवर्तन की घटना से भी होती है। इस संदर्भ में भगवती सूत्र में गौतम स्वामी के एक प्रश्न के उत्तर में भगवान महावीर ने कहा - Hari negamesi takes out the embryo through the uteras and places it in the womb of another woman by touching the embryo with his own hands, and without causing any pain to the embryo, He does it with the greatest expertise.

Bhagawati Sutra S.5 U.4.

तीर्थंकरों की मातायें १४ स्वप्न देखती है। रानी त्रिशला ने भी ये १४ स्वप्न देखे थे। ये १४ स्वप्न इस प्रकार थेः- हाथी, बैल, सिंह, लक्ष्मी, पुष्पमाला, चन्द, सूर्य, ध्वजा; कलश, पद्य, सरोवर, क्षीर, समुद्र, देव विमान, रत्न राशि, और निर्धूम अग्नि। स्वप्न दर्शन के तुरन्त बाद त्रिशला जग पड़ी और सिद्धार्थ के पास जाकर स्वप्न दर्शन की बात कही। राजा ने अष्टांग महानिमित्त के सूत्र व अर्थ के पारंगत विविध शास्त्रों के ज्ञाता नैमितज्ञों को बुलाया और उनसे स्वप्नों का फलादेश पूछा। नैमितज्ञों ने कहा कि या तो किसी चक्रवर्ती का जन्म होंगा या तीनों लोकों का नायक श्रेष्ठ धर्म चक्र का परिवर्तन करने वाला तीर्थंकर होगा। ऐसा प्रतीत होता है कि स्वप्नों का फल बताने का उस समय प्रचलन रहा होगा।

जिस रात्रि से श्रमण भगवान ज्ञातकुल में संहरित हुये उसी समय से राज्य में हिरण्य, स्वर्ण, धान्य, बल, सेना, कोष्ठागार से राज की कीर्ति में वृद्धि होने से भगवान के माता पिता ने मन में विचारं किया कि जब हमारा यह पुत्र जन्म लेगा तो इस बालक के गुणानुसार इसका नाम वर्धमान रखेंगे।

महावीर के जन्म कुल के विषय में बौद्ध ग्रन्थ मौंन हैं सिवाय इसके कि कहीं - कहीं उन्हें नाथपुत्र, निर्गन्थ नाथ और निर्गन्थनाथपुत्र कह कर सम्बोधित किया गया है। Bulher के अनुसार जैन ग्रन्थों ने उन्हें ज्ञातपुत्र तथा णायपुत्र कहा है इससे निसन्देह यह प्रमाणित होता है कि महावीर क्षत्रियों के ज्ञातकुल में पैदा हुए थे। उनकी माता त्रिशला

वैशाली गणतन्त्र के गणपति चेटक राजा की बहन थी। वैशाली गणतन्त्र लिच्छिवियों और मल्लों से मिलकर बना था। जिनके प्रमुख चेटक के ६ लड़कियाँ थी जिनका विवाह उस समय के प्रमुख ६ राजाओं के साथ हुआ था जिनमें एक भगवान महावीर के बड़े भाई नन्दी वर्धन भी थे। इससे यह भी प्रमाणित होता है कि राजा सिद्धार्थ का प्रभुत्व तथा स्तर अत्यन्त उच्च कोटि का था। कनिंधम और प्रौ० डेविड के अनुसार वज्जी संग एक बहुत बड़ा संघ था जो आठ कुलो के परस्पर मेल से बना था जिसमें विदेह, लिच्छिवी, ज्ञात और वज्जी प्रमुख थे। विदेहों की राजधानी मिथिला थी जिनमें कुछ वैशाली में आकर बस गये थे। भगवान महावीर की माता त्रिशला इसी शाखा की थी। ज्ञात वंशियों का स्थान कुंडपुर या कुंडग्राम और कोल्लाग था जो वैशाली के उपस्थान थे लिच्छिवियों का प्रमुख क्षेत्र वैशाली था जो आज बिहार के मुज्जफरपुर का बसाढ़ क्षेत्र माना जाता है। वैशाली समस्त वज्जी संघ की राजधानी थी ।

इन्द्र ने जब अपने विपुल अवधि ज्ञोन से देखा कि श्रमण भगवान महावीर गर्भ रूप में आ गये हैं तो वह आनन्द विभोर हो अंजलिबद्ध हो भगवंान की इस प्रकार स्तुति करता हुआ कहता है।

अरिहंत भगवान को नमस्कार हो, धर्म की आदि करने वाले तीर्थ की स्थापना करने वाले, स्वतः सम्यक् बोध प्राप्त करने वाले, पुरुषों में उत्तम, पुरुषों में सिंह के समान, हाथियों में श्रेष्ठ पुण्डरीक कमल के समान, हाथियों में श्रेष्ठ गन्धहस्ती के समान, लोक में उत्तम, लोक के नाथ, लोक के हितकारक, लोक में दीपक के समान, लोक में उद्योत - प्रकाश करने वाले, अभय देने वाले, जीवन - संयम, जीवन देने वाले, बोधि सम्यकत्व देने वाले, धर्म के देने वाले, धर्म की देशना देने वाले, धर्म के नायक, धर्म रूप रथ को चलाने में सारथि के समान, चारों गति का नाश करने वाले, श्रेष्ठ धर्म चक्रवर्ती, भव समुद्र में द्वीप के समान् रक्षण देने वाले, अप्रतिहत - अस्खलित श्रेष्ठ ज्ञान और दर्शन को धारण करने वाले दूसरों को मुक्ति दायक सर्वज्ञ, स्वदर्शी शिवरूप ———ऐसी सिद्धि गति नामक स्थान पर पहुँचे हुऐ ——— चरम अन्तिम तीर्थंकर, पूर्व में हुए तीर्थंकरों द्वारा निर्दिष्ट और पूर्व में वर्णित समग्र गुणों से युक्त

यावत् अपुनरावृत्ति - सिद्धिगति को प्राप्त करने की अभिलाषा करने वाले श्रमण भगवान महावीर को नमस्कार हो।

(कल्पसूत्र Pg. 30 श्लोक 16)

गर्भ में स्थित भगवान महावीर ने मातृभक्ति के कारण माता को कष्ट न हो इस दृष्टि से हिलना डुलना बन्द कर दिया। लेकिन उनके ऐसा न करने से रानी त्रिशला के मन में विचार हुआ कि मेरा यह गर्भ पहले जो हिलता - डुलता था हठात् क्या हो गया और वह अनिष्ट आशंका से दुःखी हो गयी। तब श्रमण भगवान महावीर ने माता के मन में उठे विचारों को जानकर अपने शरीर को हिलाया तत्पश्चात् त्रिशला का हृदय पुनः प्रसन्नवदन हो गया। तब भगवान महावीर ने गर्भ में रहते हुये इस प्रकार अभिग्रह लिया कि जब तक मेरे माता पिता जीवित रहेंगे मैं अणागरित्व प्रव्रज्या नहीं लूँगा।

उस काल, उस समय, ग्रीष्म ऋतु के प्रथम मास के द्वितीय पक्ष में, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में शुक्ला त्रयोदशी के दिन पूरे नौ महीने साढ़े सात दिनों के पूर्ण होने पर, जब नक्षत्र अपनी उच्चतम स्थिति को प्राप्त थे, जब चन्द्रयोग से दिशाओं के समूह जब निर्मल थे, अन्धकार हीन और ज्योतिष विशुद्ध काल था, सारे शकुन जब शुद्ध थे, जब अनुकूल दक्षिण वायु भूमि को स्पर्श कर रही थी, जब भूमि धान्य से परिपूर्ण थी और जब सारे मनुष्य प्राणी प्रभुदित थे तथा क्रीड़ा में लीन थे तब अर्द्ध रात्रि के समय उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में श्रमण भगवान महावीर स्वस्थ देही त्रिशला के पुत्र रूप में अपनी आरोग्य युक्त देही से प्रसूत हुये।

भगवान महावीर के पांच कल्याणक च्यवन, गर्भ, जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में हुऐ तथा स्वाति नामक नक्षत्र में वे सिद्ध बुद्ध तथा मुक्त हुऐ।श्रमण भगवान महावीर काश्यप गोत्रीय थे। उनके तीन नाम इस प्रकार थे माता पिता ने उनका नाम वर्द्धमान रखा था। स्वकीय विशद् बुद्धि से कठिन परिश्रम करने के कारण वे श्रमण कहलाये। भय भैरव के उत्पन्न होने पर भी अचल रहने वाले, परिषह और उपसर्गों को शान्ति और क्षमा से सहन करने में समर्थ, बुद्धिमान, प्रिय और अप्रिय में समभावी, संयम युक्त और अतुल पराक्रमी होने के कारण

देवताओं ने श्रमण भगवान महावीर नाम रखा था। पुत्र जन्मोत्सव की खुशी में सिद्धार्थ राजा ने १० दिन व्यापी उत्सव का सम्पादन किया । ग्यारहवें दिन अशुचि निवारण के पश्चात् बारहवें दिन एक बड़ा भोज दिया। जिसमें सभी मित्रों, सम्बन्धियों, स्वंजनों, परिवारवालों को आमन्त्रित किया तथा श्रमण भगवान महावीर का वर्द्धमान नामकरण किया गया।

-------✱-------

प्राकृत कथा साहित्य

प्रो. माधव श्रीधर रणदिवे, सातारा,

कथा साहित्य और मानवीय जीवन :

पद्म चरित्र (रामायण) पर एक महाकाव्यरूप उपन्यास है। इसमें कर्मसिद्धान्त का उपयोग किया है। कथा - उपकथाओं से यह पउम चरियं महाकाव्य रोचक और मनोवेधक हो गया है।

वसुदेवहिंड़ी - जैन कथासाहित्य में वसुदेवहिंडी प्रथम श्रेणी की प्राकृत कृति है। वसुदेवहिंडी में दो विभाग हैं। पहले में २९ और दूसरे में ७१ लम्बक। ऐसा यह १०० लम्बक का १०००० श्लोक प्रमाण ग्रन्थराज है। इसमें कथोत्पत्ति, पीठिका, मुख, प्रतिमुख, शरीर और उपसंहार नाम के दो अधिकार हैं। १९वाँ और २०वाँ लम्बक अनुपलब्ध हैं और १७वाँ अपूर्ण है। उपसंहार अधिक भी उपल्ब्ध नहीं। पहला भाग संघदासगणि ने लिखा और दूसरा भाग धर्मसेनगणि ने,

कथोत्पत्ति में जम्बूस्वामीचरित्र, कुबेरदत्तचरित्र, महेश्वर दत्तारव्यान, वलकल चरित्र, अणादिव्यदेव की उत्पत्ति, आदि का वर्णन है। आगे धम्मिल्लहिंड़ी शुरू होती है। पीठिका में प्रद्युम्न, शम्बुक कथाओं का प्रारम्भ हो गया है।

वसुदेवहिंड़ी अर्थात् कृष्णपिता वसुदेव का परिभ्रमण। द्वारवती में से बाहर जाकर वसुदेव देश - परदेश में भ्रमण करने लगे। प्रवास में अनेक संकट - कष्टों को सामना देते उन्होंने अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व और पराक्रम से अनेक मानव और विद्याधर कन्याओं से विवाह किया। वे अपने आत्मीयजनों को अपना रोमांचित वृत्तान्त कहने लगे। इसमें प्रसंगों के अनुरूप दृष्टान्त और बोध पर धर्मकथायें दी हैं। वसुदेवहिंडी की शैली सुलभ, स्वाभाविक और प्रासादयुक्त है।

समराइच्च कहा - ८वीं शताब्दी में शंम्भवभट और गंगा के सुपुत्र हरिभद्र चित्रकूट में जितारी महाराज के पुरोहित थे। वैदिक दर्शन में वे जाने -

माने पण्डित थे। एक बार उन्मत्त हाथी से बचने के लिए उन्हें जिनमन्दिर का आश्रय लेना पड़ा। वहाँ याकिनीमहत्तरा के निर्देश से जिनभट्ट के मार्गदर्शन में उन्होंने जैन दर्शन का अध्ययन किया। जिनमन्दिर का आश्रय लेना पड़ा। वहाँ याकिनीमहत्तरा के निर्देश से जिनभट्ट के मार्गदर्शन में उन्हें गौरव से सूरिपद पर प्रतिष्ठित किया। प्राकृत और संस्कृत में अनेक ग्रन्थ लिख कर वे युगप्रधान बन गये।

अशुभ कर्मनिदान पर नौ भवों में हरिभद्रसूरि ने प्राकृत में गद्य-पद्य मिश्रित अनोखी मनोरंजक दिव्य मानुष धर्मकथा लिखी। उन्होंने सभी भवों में प्रतिशोध की भावना विभिन्न रूप में व्यक्त की है।

धूर्ताख्यान - मूलदेव, खण्डरिक, एलाषाढ, यश ये चार पुरुष और खण्ड पाना स्त्री ऐसे पाँच चोर धूर्तों की यह धूर्ताख्यान कथा लिखकर हरिभद्रसूरि ने रामायण, महाभारत, आदि वैदिक पुराण, ग्रन्थों की अद्‌भुतता की व्यंगपूर्ण हँसी उड़ाई है। Haribhadra is a genius by birth and satirist by temperament, इन शब्दों में डॉ. हर्मन याकोबी ने उनकी स्तुति की है।

कुवलयमाला - दाक्षिण्यचिन्ह उद्योतन सूरि नें (९वीं शताब्दी) गद्य पद्य मिश्रित चम्पू रूप में कुवलयमाला नाम की प्रचण्ड प्राकृत कथा लिखी है।कुवलयमाला विजयानगरी के विजयसेन राजा और भानुमती रानी की सौन्दर्य शालिनी सुकन्या थी। लेकिन वह पुरुषों का द्वेष करनेवाली थी। अवधिज्ञानी मुनि की भविष्यवाणी से अयोध्यापति हठ वर्मा के सुपुत्र कुवलयचन्द्र ने पूर्वजन्म के स्मरण से कुवलयमाला की पादपूर्ति की शर्त पूर्ण की और उसके साथ विवाह किया। उत्तरावस्था में संसारविरक्त होकर पृथ्वीसार पुत्र को राज्य देकर उन्होंने संयमीजीवन व्यतीत किया। यह प्रेमकथा उद्योतनसूरि ने क्रोध, मान, माया, लोभ और मोंह के भयानक परिणाम चण्डसोम मानभट्ट, मायादित्य, लोभदेव और मोहदत्त के पूर्वजन्म के सम्बन्ध में कहे। जन्मान्तर की अवान्तर कथाएँ भी उद्योतन सूरि ने बड़े कौशल्य से लिखी हैं। कुवलयमाला कथासाहित्य का अनमोल रत्न है।

उपदेशमाला विवरण - जयसिंहसूरि ने (९वीं शताब्दी) उपदेशमालाविवरण नाम का १५६ कथाओं का ग्रन्थ लिखा। इस ग्रन्थ में धर्म, नीति सद्‌गुणमहिमा, दुर्गुणनिन्दा, आदि विषयों पर श्रंगार, वीर, करुण रसात्मक कथायें लिखी है।

सुरसुंदरीचरियं - जिनेन्द्रसूरि के शिष्य धनेश्वर (११वीं शताब्दी) चित्रवेग विद्याधर और उसकी प्रेयसी सुरसुन्दरी की प्रणयकथा प्राकृत में ४००० गाथाओं में लिखी है।

णाणपंचमी कहा - प्रतिभाशाली महेश्वरसूरि ने (११वीं शताब्दी) ज्ञान पंचमी व्रत का महात्म्य बताने के लिये णाणपंचमीकथा लिंखी। इसमें दस कथायें २००० गाथाओं में लिखी हैं।

कहाणयकोसो - जिनेश्वरसूरि ने (११वीं शताब्दी) कहाणयकोसो कथाकोशप्रकरण) जिनपूजा, मुनिदान, आदि प्रतिपादन करने के लिये ३० गाथाओं पर प्राकृत टीका के स्वरूप में ३६ मुख्य और ५ अवान्तर कथायें लिखी हैं।

कहावली - भद्रेश्वर ने (११वीं शताब्दी) कहावली नाम प्राकृत कथाओं का विशाल ग्रन्थ लिखा है। इसमें त्रिषष्टिशलाका पुरुषों का जीवन चरित्र तथा कालकाचार्य से हरिभद्रसूरि तक के प्रमुख आचार्यों की जीवन कथायें दी हैं।

कहारयण कोसो - गुणचन्द्रगणि ने (१६वीं शताब्दी) गद्य और पद्य में अलंकारप्रधान प्राकृत में ५० कथायें लिखी है। इसमें संस्कृत और अपभ्रंश का भी उपयोग किया है। इस तरह पासमहचरियं, महावीरचरियं अनन्तनाथस्तोत्र, वीतराग स्तव, प्रमाणप्रकाश आदि ग्रन्थों की भी उन्होंने रचना की है।

कालियाचरिय कहाणयं - देवेन्द्रसूरि, मलधारी हेमचन्द्र, भद्रेश्वर सूरि, धर्मघोषसूरि, भावदेवसूरि, धर्मप्रभसूरि, आदि आचार्यों ने धारावास के राजपुत्र कालक पर प्राकृत में कथायें लिखी है। देवेन्द्रसूरि ने (११वीं शताब्दी) स्थानक प्रकरण वृत्ति या मूल शुद्धटीका के अन्तर्गत लिखी कालकाचार्य की कथा प्राचीन, प्रदीर्घ और आदर्श है। उज्जैनी के उन्मत्त गर्दाभिल्लराजा ने कालकाचार्य की भगिनी आर्यिका सरस्वती का अपहरण

किया। इसलिये उन्होंने मुनिवेष छोड़कर लोंगों को प्रभावित किया और शक राजा के सहायता से गर्दाभिल्ल को मार कर सरस्वती को छुटकारा दिलाया। आखिर प्रायश्चित लेकर दोनों ने संयमी जीवन बिताया। यह अत्यन्त रोचक कथा आज भी जैन समाज गौरव से याद करता है।

नम्मयासुंदरीकहा - महेश्वरसूरि ने (१२वीं शताब्दी) शीलव्रतपालन में दृढ़ नर्मदा सुन्दरी की कथा अलंकार युक्त बड़ी रोचक शैली में लिखी है।

कुमारपालप्रतिबोध - कलिकाल सर्वज्ञ हेमचन्द्राचार्य ने गुर्जराधिपति कुमारपाल को विविध कथाओं द्वारा जैनदर्शन का बोध देकर सम्यकत्वी और समतावादी कैसे बनाया इसका वर्णन सोमप्रभाचार्य ने (१२शताब्दी) कुमारपालप्रतिबोध ग्रन्थ में दिया है। इस ग्रन्थ में पांच प्रस्ताव हैं और विविध कथायें है। झूटे भाषण, चोरी, व्यभिचार, द्यूत, मद्यपान, मांसाहार, आदि पापाचरण के घोर परिणाम की कथायें दी हैं। गुरुसेवा, शीलव्रत, तप, दान, आदि के शुभ फल कथन करने वाली कथायें भी दी है। तथा व्रतकथाओं द्वारा श्रावकों के बारह व्रत समझाये हैं। कषायपरिणाम और सम्यक्त्व की कथायें रोचक शैली से वर्णन की हैं। अधिकांश कथायें प्राकृत में हैं, कुछ कथायें संस्कृत में भी लिखी है। सोमप्रभाचार्य ने स्थूलभद्र और कोशा की मनोरंजक और उद्‌बोधक कथा अपभ्रंश भाषा में लिखी हैं। इन सब कथाओं में उन्होंने गद्य और पद्य का विपुल उपयोग किया है।)

सिरिसिरिवालकहा - रत्न शेखर सूरि ने (१४वीं शताब्दी) सिद्धचक्र का महत्व बताने के लिये मदनसुन्दरी और श्रीपाल राजा की प्रदीर्घ कथा प्राकृत में बड़ी रोचक शैली में लिखी है।

सुदंसणाचरियं - श्रीमद् विजयदेवेन्द्र सूरिश्वरजी कृत प्राकृत में लिखी गई यह कथा बहुत प्राचीन होकर मौखिक रूप में आई है। भरुच के वनखण्ड में बरगद के पेड़ पर रहती एक चील एक दिन अपने बच्चों को घोसले में छोड़कर खुराक लाने गई थी। वापस लौटते एक के बाण से घायल हो गई। भाग्यवश वहाँ आये मुनियों ने नवकार मन्त्र पढ़ा। भाव शुभ होने से मर कर वह सिंहल की राजकुमारी सुदर्शना हुई। उस भव्य जीव की यह कथा अति मनोवेधक शैली से सूरिश्वरजी ने लिखी है।

पाइयकहासंगहो - पद्मचन्द्रसूरि के किसी शिष्य ने विक्कमसेणचरियं नाम का कथाग्रन्थ लिखा। इस ग्रन्थ में आई १४ कथाओं में से १२ कथायें पाइयकहासंगहो में समाविष्ट हैं। वह ग्रन्थ १४वीं शताब्दी के कोई प्रतिभाशाली जैन साहित्यकार या आचार्य ने लिखा होगा। दान, शील, तप, भावना, सम्यक्त्व, नमस्कारमन्त्र, आदि से सम्बन्धित कथायें इस में लिखी हैं। यह एक अनोखा कथासंग्रह है।

रयणसेहरकहा - जयचन्द्रसूरि के शिष्य जिनहर्ष गणि ने (१५वीं शताब्दी के अन्त में) पर्व और तिथियों का महत्व बताने के लिये रत्नशेखर और रत्नवती की प्रणयकथा प्राकृत भाषा में लिखी है।

इसी तरह धर्मदास गणि ने 'उवएसमाला' तथा पद्म सूरि के एक अज्ञान शिष्य जिनचन्द्र ने 'संवेगरंगमाला' ग्रन्थ संवेग का निरूपण करने वाली उपदेशपक कथायें लिखी है। वीरदेवगणि ने महिवालकहा, धर्मदासगणि की दृष्टान्तपूर्वक उवएसमाला, हरिभद्रसूरि की उवएसपय, जयकीर्ति की सीलोवएसमाला, विजयसिंहसूरि की भुवणसुंदरी कहा श्रावक अतडकृत विवेकमंजरी, सहस्रावधानी मुनि सुन्दर कृत सूरिकृत उवएसरयणारयर, शुभवर्धमानगणिकृत वर्धमानदेशना, आदि कथांग्रन्थों का यहाँ केवल नामनिर्देश ही किया है।

अपभ्रंशकथासाहित्य - श्वेताम्बर साहित्यकारों की तरह दिगम्बर जैन साहित्यकारों ने भी प्राकृत कथा साहित्य की निर्मिति में महान् योगदान किया है। कविराज स्वयंभूदेवकृत पउमचरिउ, रिट्ठणेमिचरिउ, महाकवि पुष्पादन्तकृत णायकुमारचरिउ, जसहरचरिउ और महापुराण, धनपालकृत भविसय कहा, धाहिलकृत पउमसिरिचरिउ, मुनिकनकासरकृत करकंडचरिउ, वीरकृत जंबूसामि चरिउ, आदि अपभ्रंश भाषा में कई कथाग्रन्थों की रचनाकर के अपनी लोकानुरंजक उदार वृत्ति का परिचय दिया है।

आगे तो हिन्दी, गुजराती, राजस्थानी, कान्नडी, मराठी, आदि लोक भाषाओं में जैनाचार्यों ने अपनी अनोखी कृतियाँ निर्माण की हैं।

प्राकृत साहित्य की महानता - हम ऊपर देखे हैं कि प्राकृत में जैन कथा साहित्य ही विपुलता से भरा है। इन प्राकृत कथासाहित्य में आत्मोन्नति के लिए साधना करना, दया, क्षमा, सत्य, शील आदि सद्गुण प्राप्त

करना मद्य, मांस, शिकार, द्यूत आदि व्यसनों को भयानकता दिखा कर शुभ प्रवृत्ति अपनाने की प्रेरणा मिलती हैं। मनुष्यों के विभिन्न वर्गों का जीवन हमें इन कथाओं में मिलता है। इतिहास, सामाजिक, राजकीय, व्यायाम, आदि विषयक विवरण की विशेषता हम इन कथाओं से जान सकते है। व्यापार में परदेशगमन, साहस, कपटाचार, द्वेषबुद्धि से बंधु आदि सही चित्रण हम इन कथाओं में देख सकते है। इनके अलावा द्वेष, मत्सर, असत्य, कपटाचार, आदि छोड़कर एक दूसरे के लिए साहस करना, प्रेम से आचरण करना, ऐसी मानवतावादी शिक्षा भी हमें इन प्राकृत कथासाहित्य से मिलती है।

संस्कृत, प्रालि, प्राकृत इन भारतीय प्राच्य भाषाओं के जानकार **डॉ. जॉन हर्टल** कहते हैं -

"जैन कथासाहित्य सिर्फ संस्कृत और अन्य भाषाओं के अध्ययन के लिये ही उपयोगी नही, लेकिन भारतीय सभ्यता के इतिहास पर प्रकाश डालता है।"

o o o

सन्दर्भ ग्रन्थ -

१. History of Indian Literature by Winternitz.
२. जैन साहित्य के संक्षिप्त इतिहास - मोहनलाल दलिचंद देसाई
३. प्राकृत साहित्य का इतिहास

डॉ. जगदीश चन्द्र जैन.

o o o

-------✱-------

रूद्रपल्लीय गच्छ के इतिहास पर संक्षिप्त प्रकाश

– डॉ. शिवप्रसाद सिंह

क्रमांक	प्रतिष्ठावर्ष	तिथि, वार मुनि का नाम	प्रतिष्ठापक परिकरलेख	प्रतिमालेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
३१.	१५१७	माघ वदि ५ शुक्रवार	देवसुन्दरसूरि के शिष्य सोमसुन्दरसूरि	चन्द्रप्रभ की प्रतिमा का लेख		नाहटा, पूर्वोक्त लेखांक १००४
३२.	१५१९	माघ सुदि ४ रविवार	देवसुन्दरसूरि	वासुपूज्य की प्रतिमा का लेख	सुमतिनाथ जिनालय, सीनोर	मुनिबुद्धिसागर-संपा० जैन धातुप्रतिमा लेखसंग्रह भाग२, लेखांक ३६६
३३.	१५२५	मार्गशीर्षवदि९ शुक्रवार	देवसुन्दरसूरि के पट्टधर सोमसुन्दरसूरि	कुंथुनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	शीतलनाथ जिनालय, बालौतरा, राजस्थान	नाहर,पूर्वोक्त भाग १, लेखांक ७३४

क्रमांक	प्रतिष्ठावर्ष	तिथि, वार	प्रतिष्ठापक मुनि का नाम	प्रतिमालेख परिकरलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
३४.	१५२५	माघ सुदि ५ बुधवार	हेमप्रभसूरि	चन्द्रप्रभ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	खरतरगच्छीय आदिनाथ जिनालय कोटा	विनयसागर,पूर्वोक्त, लेखांक ६६९
३५.	१५२५	फाल्गुन सुदि ७ शनिवार	जिनराजसूरि के पट्टधर जिनोदयसूरि	आदिनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	जैन मंदिर, करेड़ा	विजय धर्मसूरि, पूर्वोक्त लेखांक ३९२
३६.	१५२५	फाल्गुन सुदि ७ शनिवार	जिनराजसूरि के पट्टधर जिनोदयसूरि	सुमतिनाथ की चौवीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख		नाहटा पूर्वोक्त लेखांक१२५२
३७.	१५२८	वैशाखसुदि२ शनिवार	गुणसुन्दरसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख		वहीं, लेखांक २३४२

क्रमांक	प्रतिष्ठावर्ष	तिथि, वार	प्रतिष्ठापक मुनि का नाम	प्रतिमालेख परिकरलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
३८.	१५३२	ज्येष्ठ बदि ३ रविवार	देवसुन्दरसूरि के शिष्य गुणसुन्दरसूरि	पद्मप्रभ की प्रतिमा का लेख	यति किशनजी के पास रखी प्रतिमा	नाहर, पूर्वोक्त- भाग१, लेखांक ५७९
३९.	१५३२	,,	,,	पद्मप्रभ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	पार्श्वचन्द्रगन्छ उपाश्रय, जयपुर	विनयसागर, पूर्वोक्त, लेखांक ७४१
४०.	१५३६	फाल्गुन सुदि ३ रविवार	देवसुन्दरसूरि	कुंथनाथ की चौवीसी प्रतिमा का लेख		नाहटा, पूर्वोक्त लेखांक १४३९
४१.	१५३८	ज्येष्ठ सुदि २ मंगलवार	जिनदत्तसूरि के पट्टधर देवसुन्दरसूरि	चौवीसी जिन प्रतिमा का लेख	हीरालाल चुन्नीलाल का देरासर लखनऊ	नाहटा, पूर्वोक्त भाग२, लेखांक १६२१

क्रमांक	प्रतिष्ठावर्ष	तिथि, वार	प्रतिष्ठापक मुनि का नाम	प्रतिमालेख परिकरलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
४२.	१५४२	माघ सुदि २ शनिवार	जिनोदयसूरि के पट्टधर देवसुन्दरसूरि		खरतरगच्छीय बड़ा मंदिर तुलापट्टी कलकत्ता	मुनि कांतिसागर -संपा० जैन धातु प्रतिमा लेख
४३.	१५४२	माघ सुदि ५	सोमसुन्दरसूरि के शिष्य हरिकलश	मुनिसुव्रत की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	सुमतिनाथ जिनालय जयपुर	लेखांक २४२ विनयसागर-पूर्वोक्त लेखांक ८३०
४४.	१५४५	ज्येष्ठ सुदि १२ गुरुवार	हेमप्रभसूरि	धर्मनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	खरतरगच्छीय आदिनाथ जिनालय, कोटा	विनयसूरि सागर पूर्वोक्ति लेखांक ८४०
४५.	१५५३	फाल्गुन वदि ३	गुणसुन्दरसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	विमलनाथ जिनालय, सवाई माधोपुर	वहीं, लेखांक ८७३
४६.	१५५६	ज्येष्ठवदि १२	हर्षसुन्दरसूरि	चौवीसी पट्ट पर उत्कीर्ण लेख	वालावसही, शत्रुंज्य पालिताना	मुनि कांतिसागर संपा० शत्रुंजयभव लेखांक २५६

क्रमांक	प्रतिष्ठावर्ष	तिथि, वार	प्रतिष्ठापक मुनि का नाम	प्रतिमालेख परिकरलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
४७	१५५६	ज्येष्ठ सुदि९	देवसुन्दरसूरि	शीतलनाथ की प्रतिमा का लेख	चिन्तामणिजी का मंदिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त लेखांक ११२६
४८.	१५५६	ज्येष्ठ सुदि ५ रविवार	सर्व्वसूरि	सुमतिनाथ की प्रतिमा का लेख		वहीं, लेखांक १६२६
४९.	१५६९	श्रावण सुदि ५	आनन्दसूरि के शिष्य चारित्रराज एवं देवरत्न	ह्रींकारयंत्र पर उत्कीर्ण लेख		वहीं लेखांक १४५५
५०.	१५७०	माघ वदि ५ रविवार	गुणसमुद्रसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख		वहीं, लेखांक १५३४

क्रमांक	प्रतिष्ठावर्ष	तिथि, वार	प्रतिष्ठापक मुनि का नाम	प्रतिमालेख परिकरलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
५१.	१५९७	फाल्गुन सुदि ५ मंगलवार	देवसुन्दरसूरि के शिष्य वाचक विवेकसुन्दरके शिष्य वाचक हेमरत्न के शिष्य वाचक सोमरत्न के शिष्य वाचक गुणरत्न एवं उनके गुरुवंधु लक्ष्मीरत्नगणि	तीर्थयात्रा विवरण का उल्लेख	विमलवसही आबू	मुनि जयन्तविजय संपा० अर्बुद प्राचीन जैनलेख संदोह लेखांक २०१
५२.	मिति विहीन	——	गुणसुन्दरसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	चिंतामणिजी का मंदिर वीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्ति लेखांक ८२५
५३.	१५९९	वैशाख सुदि५ गुरुवार	गुणसुन्दरसूरि के शिष्य गुणप्रभसूरि	आदिनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	जैनमंदिर चेलपुरी दिल्ली	नाहर, पूर्वोक्त भाग१, लेखांक ५०१

अभिलेखीय साक्ष्यों की उक्त सूची के लेखों को तीन वर्गों में बांटा जा सकता है। प्रथम वर्ग में वे लेख रखे जा सकते हैं जिसमें उल्लिखित मुनिजनों का साहित्यिक साक्ष्यों में भी नाम मिलता है। इनका विवरण इस प्रकार मिलता है:

